सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

सबगुरु न्यूज
(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

R.N.I. No. RAJBIL/2023/88629
खबरों के लिए स्कैन करें

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 2 | अंक 15 | अजमेर, शनिवार 25 जनवरी 2025 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

# भंडारा में आयुध कारखाने में विस्फोट में 8 लोगों की मौत 6 घायल

भंडारा। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को आयुध फैक्ट्री में हुए विस्फोट में आठ श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 8 श्रमिकों की मौत की पुष्टि की है। फैक्ट्री में विस्फोट शुक्रवार सुबह करीब 10.30 बजे हुआ।

भंडारा के जिलाधिकारी संजय कोलते ने कहा कि विस्फोट के कारण कारखाने की छत पूरी तरह ढह गई। उन्होंने कहा कि विस्फोट इतना जोरदार था कि इसकी आवाज 5 किमी दूर तक सुनी गई। विस्फोट के बाद दूर-दूर तक लोहे और पत्थरों के टुकड़े बिखरे हुए देखे गए।कोलते ने कहा किविस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्ट्री के एलटीपी दीर्घकालिक योजना सेक्शन में हुआ। विस्फोट का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया हैए लेकिन अधिकारी आगे की जांच कर रहे हैं। विस्फोट स्थल पर बचाव और चिकित्सा दल तैनात कर दिए गए हैं। अंदर फंसे श्रमिकों की तलाश अभी भी जारी है।



### राजनाथ ने विस्फोट की घटना पर दुख व्यक्त किया

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाराष्ट्र के भंडारा जिले में एक आयुध फैक्ट्री में विस्फोट की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की है। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि महाराष्ट्र के भंडारा में आयुध फैक्ट्री में विस्फोट की घटना से दुखी हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। बचाव दल मौके तैनात हैं। प्रभावित लोगों तक सहायता पहुंचाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।


# कांग्रेस ईआरसीपी पर बंद करे झूठ की राजनीति -सुरेश सिंह रावत



जयपुर। राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस को राम के नाम से ही चिढ़ है। राजस्थान और मध्यप्रदेश के मध्य नदी जोड़ो परियोजना में राजस्थान के शब्द से 'रा' और मध्यप्रदेश के शब्द से 'म' लिया गया है। रावत ने गुरुवार रात अपने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान की 40 प्रतिशत जनसंख्या को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहे है। उन्होंने डोटासरा को झूठा करार देते हुए कहा कि उनको अपने गिरेबां में झांकना चाहिए कि पिछले कार्यकाल में उनकी अतिवादी मानसिकता की वजह से आज कांग्रेस की दुर्दशा हुई है और उपचुनाव में भी जनता ने करारी चोट दी है उन्होंने कहा कि राम जल सेतु लिंक परियोजना से 17 जिलों को वर्ष 2054 तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। इस परियोजना में 522 एमसीएम पुनर्चक्रित जल सहित कुल 4.102 मिलियन क्यूबिक मीटर जल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि एमओए होने से कालीसिंध का 50 प्रतिशत निर्भरता पर जल मिलेगा। यह दिखाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीए केन्द्रीय मंत्री सीआर पाटिल एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा साफ है कि पूर्वी राजस्थान की पेयजल एवं सिंचाई समस्या दूर हो।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री दिन.रात राजस्थान के विकास के लिए कार्य कर रहे है। यह कांग्रेसियों को हजम नहीं हो रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेसी को झूठ की राजनीति से बाहर आकर जनता के हित में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गत कांग्रेस सरकार द्वारा ईआरसीपी को कोई बजट उपलब्ध नहीं कराया गया था ना ही कोई नए कार्य प्रारम्भ किए गए। प्रधानमंत्री के प्रयासों से इस परियोजना को मूर्त रूप दिया गया है। ईआरसीपी परियोजना को भारत सरकार की पीकेसी नदी जोड़ो परियोजना के साथ एकीकृत कर संशोधित पीकेसी परियोजना तैयार की गई।

# एक ही ठेकेदार के पास 23 पंचायतों के सफाई के ठेके पर मदन दिलावर भड़के



जयपुर। राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर का शुक्रवार को जयपुर जिले में एक ही ठेकेदार के पास 23 पंचायतों की सफाई के ठेके पर गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर भुगतान रोकने और सरपंचए ग्रामसेवक तथा सहायक अभियंता की विस्तृत जांच कर पूरी राशि की वसूली तीनों से करने के निर्देश दिए। दिलवार जयपुर जिले के बस्सी पंचायत समिति क्षेत्र में औचक निरीक्षण करने पहुंचे। कानोता ग्राम पंचायत में सबसे ’यादा गंदगी और कचरे के ढेर लगे मिले। कानोता नायला मुख्य सड़क पर जयपुर होंडा शोरूम के पास गंदगी का अंबार देख कर दिलावर ने ग्राम विकास अधिकारी प्रभु नारायण को पूछा कि सफाई कब से नहीं हुई। इस पर बताया गया कि दो तीन दिन पहले ही सफाई करवाई है। मंत्री ने विकास अधिकारी को डांट लगाते हुए कहा कि झूठ क्यों बोलते होए सच बताओ। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने कहा कि सब साल भर से ’यादा हो गया। यह सफाई करने कोई नहीं आता।इसके बाद दिलावर गांव के अंदर किसान सेवा केंद्र के पास हरिजन मौहल्ले में पहुंचे जहां किसान सेवा केंद्र के पास बड़ा नाला पूरी तरह से कचरे के कारण बंद था और सड़क पर ही कचरे के ढेर लगे थे। बदबू के कारण खड़ा होना मुश्किल था।

दिलावर ने सफाई ठेकेदार रमेश मीणा से पूछा कितनी पंचायतों का ठेका ले रखा हैं इस बताया गया कि 23 पंचायतों का सफाई का ठेका उसके ही पास है। इस पर मंत्री भड़क गए और जिला परिषद के मुख्यकार्यकारी अधिकारी से पूछा कि जब अधिकतम दो पंचायतों का ठेका एक ठेकेदार को देने का नियम है। तो इसको 23 पंचायतों के ठेके कैसे मिल गएदिलावर ने निर्देश दिया कि तत्काल इसके सभी ठेके निरस्त कर इसको ब्लैकलिस्ट करो। इसकी अमानत राशि जब्त कर इसके सारे भुगतान रोक दो और सरपंचए ग्रामसेवक तथा सहायक अभियंता की विस्तृत जांच करो तथा पूरी राशि की वसूली तीनों से करो। इसके पूर्व दिलावर ने राम रतनपुरा हीरा वाला मानगढ़ खोखा वाला तथा बेनाडा ग्राम पंचायत का भी निरीक्षण किया जहां सभी जगह सफाई की व्यवस्था चौपट मिली तथा ग्रामीणों ने शिकायत की ना तो रोज झाड़ू लगाती है और ना ही सफाई की जाती है। इस पर मंत्री दिलावर ने सभी जगह सफाई ठेकेदारों के भुगतान रोकने के निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि प्रत्येक पंचायत को विभाग प्रति वर्ष कम से कम 12 लाख रुपए देता हैं फिर भी गांव के लोग गंदगी में रहने को मजबूर है। मंत्री ने पांचों पंचायतों के सफाई ठेकेदारों के भुगतान रोकने तथा सरपंचए ग्रामसेवक और सहायक अभियंता की जांच कर वसूली करने के निर्देश दिए।उन्होंने पंचायती रजिस्टर भी मंगवा कर चेक किए। सभी में ग्राम सभा की कार्यवाही और खाली जगह छोड़ कर हस्ताक्षर करना पाया गए। रजिस्टर में कार्यवाही के ठीक नीचे हस्ताक्षर की बजाय साइड में एक तरफ हस्ताक्षर करना पाया गया जो गलत था।रामरतनपुरा ग्राम पंचायत में ग्राम सेवक के उपस्थित नहीं होने पर मंत्री ने मूवमेंट रजिस्टर मंगाकर उसकी जांच की तथा विकास अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिया। दिलावर जब बस्सी की पांच पंचायत की निरीक्षण पर निकले तो निरीक्षण के दौरान किसी भी पंचायत में सफाई कर्मचारी सफाई करते नहीं मिले।

# ईडी ने जयपुर और मुंबई में टोरेस ज्वैलरी के 10 ठिकानों पर की छापेमारी

जयपुर मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय ;ईडी के अधिकारियों ने धोखाधड़ी के एक मामले में गुरुवार को मुंबई और जयपुर में टोरेस ज्वैलरी के 10 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी के सूत्रों के मुताबिक मध्य मुंबई के दादर में स्थित टोरेस ज्वैलरी कंपनी ने कथित तौर पर कम समय में निवेशकों का पैसा दोगुना करने का वादा करके कई निवेशकों से ठगी की है। उन्होंने बताया कि पहले महाराष्ट्र पुलिस धनशोधन संदिग्ध मामले के तौर पर इसकी जांच कर रही थी। अब ईडी ने जांच अपने हाथ में ले ली है तथा कंपनी के मुंबई और जयपुर में 10 ठिकानों पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की है।




# मठ मंदिरों को सरकार के नियंत्रण से मुक्त कराने के आंदोलन को तेज करेगी विहिप



महाकुंभ नगर। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने शुक्रवार को कहा कि अब समय आ गया है कि सरकारें हिदू मंदिरों को उन्हें वापस करें। इसके लिए विजयवाड़ा में ढाई लाख लोगों के साथ आंदोलन शुरू हो गया है जिसे तेज किया जाएगा।विहिप द्वारा आयोजित विराट संत सम्मेलन के बाद पत्रकारों को संबोधित करते जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि संत सम्मेलन में हिंदुओं के मठ मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने पर गंभीर चर्चा की गई और इसके लिए आंदोलन तेज किया जाएगा।उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर भी संत महात्मा बहुत आक्रोशित दिखे। मानवाधिकार आयोग बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार पर मौन हो जाता है।आलोक कुमार ने कहा कि आने वाले दिनों में हम मंदिरों को मुक्त कराने का आंदोलन तेज करेंगे। सरकारें मंदिरों का धन कानूनी या गैर कानूनी तरीके से अपने खाते में डाल रही हैं यह बंद होना चाहिए। संत सम्मेलन में इस बात पर भी चर्चा हुई कि वक्फएक्ट केवल एक ही धर्म के लिए क्यों है।हिंदू मंदिरों में दान देते हैंए सिख गुरुद्वारे में दान देते हैं और ईसाई गिरिजाघरों में दान देते हैं तो क्या सभी धर्मों के दान के लिए एक कानून नहीं होना चाहिए। सभी धर्मों के लिए एक कानून जब आएगा तब आएगाए वर्तमान में वक्फ एक्ट में प्रस्तावित संशोधन का हम समर्थन करते हैं।विहिप के मीडिया प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि विराट संत सम्मेलन में जगद्गुरु शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती, आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद, स्वामी राजेंद्र देवाचार्यए स्वामी हरिहरानंद, निर्मोही अखाड़ा के महंत राजेंद्र दास सहित बड़ी की संख्या में संत महात्मा शामिल हुए।

सम्पादकीय

# दिल्ली चुनावों पर रेवड़ी कल्चर का खतरनाक साया

दिल्ली विधानसभा चुनाव जैसे.जैसे नजदीक आ रहे हैं राजनीतिक सरगर्मी उग्र से उग्रत्तर होती जा रही है। आम आदमी पार्टी मतदाताओं को लुभाने की कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। चुनाव से पहले अब आम आदमी पार्टी ने एक ऐसी लुभावनी, मतदाताओं को आकर्षित करने की योजना की घोषणा की है जिसके अन्तर्गत मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को 18 हजार रुपए महीने दिए जाएंगे। इस योजना का नाम पुजारी.ग्रंथी योजना है। मुस्लिम धर्म एवं उनके अनुयायियों को रिझाते.रिझाते एकदम से केजरीवाल को हिन्दू धर्म के पुजारी एवं सिख धर्म के ग्रंथी क्यों याद आ गये विडम्बना है कि विभिन्न राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार बांटने, तोहफें, लुभावनी घोषणाएं एवं योजनाओं की बरसात करने का माध्यम बनते जा रहे हैं। बजट में भी रेवड़ी कल्चर का स्पष्ट प्रचलन लगातार बढ़ रहा है खासकर तब जब उन राज्यों में चुनाव नजदीक हों। फ्रीबीज या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने का हथियार हैं। यह एक राजनीतिक विसंगति एवं विडम्बना है जिसे कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक पार्टियां राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकती है। अरविन्द केजरीवाल ने तो दिल्ली में अपनी हार की संभावनाओं को देखते हुए सारी हदें पार कर दी है। बात केवल आम आदमी पार्टी कांग्रेय या भाजपा की ही नहीं है बल्कि हर राजनीतिक दल सरकारी खजानों का उपयोग आम मतदाता को अपने पक्ष में करने के लिये करता है। मुफ्त की सौगात राजनीतिक फायदे के लिए जनता को दाना डालकर फंसाने वाली पहल हैए एक तरह से दाना डालकर मछली पकड़ने जैसा है। ऐसी सौगातें सिर्फ गरीबों के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होती है जिसके पीछे आम आदमी पार्टी के संयोजक जैसे राजनेताओं का एकमात्र उद्देश्य देश में अपनी और अपनी पार्टी का प्रभुत्व स्थापित करना है। केजरीवाल के द्वारा चुनावों में मुफ्त की घोषणाएं करना कोई नया चलन नहीं है। अपने देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे.तैसे और अक्सर आधे.अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जताई थी। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका हैए लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं। कई बार तो वे अपात्र लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देने के वादे कर देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया थाए जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पतालए स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। यदि कोई नेता या राजनीतिक दल गरीबों को कोई सुविधा मुफ्त देने का वादा कर रहा है तो उसे यह भी बताना चाहिए कि वह उसके लिए धन कहां से लाएगा अनेक अर्थशास्त्री मुफ्त उपहार बांटकर लोगों के वोट खरीदने की खतरनाक प्रवृत्ति के प्रति आगाह कर चुके हैंए लेकिन उनकी चिंताओं से नेता बेपरवाह हैं। वे यह देखने को तैयार ही नहीं कि अनाप.शनाप चुनावी वादों को पूरा करने की कीमत क्या होती है और उनसे आर्थिक सेहत पर कितना बुरा असर पड़ता है रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। दिल्ली में महिलाओं एवं किन्नरों को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा की घोषणाएं की गयी हैए जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल करोड़ों रुपये तक का नुकसान हुआ है। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। लेकिन केजरीवाल ने ऐसी विकृत राजनीति को जन्म दिया है जिसमें विकास पीछे छूट गया है।

# राजस्थान सरकार ने 5897 गांवों को किया अभावग्रस्त घोषित



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदनशील निर्णय करते हुए खरीफ बाढ़ एवं ओलावृष्टि से प्रभावित 21 जिलों के किसानों को एसडीआरएफ से कृषि आदान अनुदान वितरण करने की मंजूरी दी है।इसके लिए 20 जिलों के 33 प्रतिशत या उससे अधिक फसल खराबे वाले 5897 गांव अभावग्रस्त घोषित किए गए हैं। मुख्यमंत्री के इस संवेदनशील निर्णय से प्रभावित किसानों को बड़ा संबल मिलेगा। इस निर्णय के उपरान्त अब आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग द्वारा इस बारे में अधिसूचना जारी की जाएगी।

शर्मा ने मानसून वर्ष 2024 ;संवत् 2081 में बाढ़ और ओलावृष्टि से खरीफ फसलों के खराबे के आकलन के लिए गिरदावरी के निर्देश दिए थे और जिला कलक्टरों से प्राप्त की नियमित गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर यह निर्णय लिया गया है।इन निर्णय के अनुसार प्रदेश के बून्दी जिले के 486, नागौर जिले के 67 धौलपुर जिले के 58, झालावाड़ जिले के 61, सवाई माधोपुर के 2, बारां के 1 अजमेर के 592, भरतपुर के 418, कोटा के 345, टोंक के 865, बीकानेर के 45, बांसवाड़ा के 817, बालोतरा के 10, फ्लौदी के 207, पाली के 155, हनुमानगढ़ के 49,डीग के 258, जोधपुर के 262, ब्यावर के 626, भीलवाड़ा के 564 एवं हनुमानगढ़ जिले के 9 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया गया है।इन गांवों में खराबे से प्रभावित किसानों को एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार कृषि आदान अनुदान वितरण किया जाएगा। साथ ही श्रीगंगानगर के दो गांवों में 33 प्रतिशत से अधिक फसल खराबे वाले व्यक्तिगत कृषकों को कृषि आदान अनुदान भुगतान वितरण की अनुमति प्रदान की गई है।

# मध्यप्रदेश के उज्जैन समेत 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी की घोषणा



महेश्वर। मध्यप्रदेश सरकार ने शराबबंदी की ओर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तय किया कि राज्य के 17 प्रमुख धार्मिक नगरों में शराबबंदी की जाएगी। इन नगरों में कोई भी शराब दुकान नहीं रहेगी और न ही वर्तमान में मौजूद इन दुकानों को कहीं और स्थानांतरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यहां राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंत्रिपरिषद ने तय किया कि उज्जैन नगर निगम क्षेत्र समेत 17 धार्मिक नगरों में मौजूदा सभी शराब दुकानें बंद की जाएंगी। इनमें एक नगर निगम के अलावा नगर पालिका नगर परिषद और ग्राम पंचायत क्षेत्र भी शामिल हैं।डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन के अलावा ओंकारेश्वर, महेश्वर, दतिया, मैहर, सलकनपुर, कुंडलपुर समेत 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी का निर्णय लिया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिपरिषद ने यह भी तय किया है कि अब राज्य के मंत्री अपने विभाग के हित में विशेष परिस्थितियों में तबादले भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि नयी तबादला नीति अभी आना शेष हैए लेकिन परिस्थिति विशेष के लिए अभी निर्णय लिया गया है।उन्होंने कहा कि इसी तरह राज्य में महिलाओं के हित में भी अनेक निर्णय लिए गए हैं। रा'य में विकास की योजनाओं संबंधी भी अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंत्रिपरिषद ने स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने इस अवसर पर देवी अहिल्याबाई होल्कर का भी स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।

## पाली में ट्रेलर व जीप की भिडन्त में दो युवकों की मौत दो घायल

पाली। राजस्थान में पाली जिले के सांडेराव थाना क्षेत्र में एक ट्रेलर एवं जीप की भिडन्त में दो युवकों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि सांडेराव थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढोला गांव के समीप रात्रि करीब साढे नौ बजे ट्रेलर एवं जीप में भिडन्त हो गई। हादसे में जीप में सवार चाणोद गांव निवासी रामाराम ;29 एवं भूराराम बाबरी ;27 की मौत हो गई तथा दो अन्य युवक घायल हो गए। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी गीतासिंह मय जाब्ते मौके पर पहुंचकर घायलों को सांडेराव अस्पताल पहुंचाया जहां से दोनों को पाली रेफर किया गया। मृतकों के शवों को सांडेराव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

# जयपुर में दम्पती की गोली मारकर हत्या

जयपुर। राजस्थान में जयपुर के सांगानेर सदर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवक ने दम्पती की गोली मार कर हत्या कर दी।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी युवक ने शुक्रवार को मध्याह्न करीब साढ़े 12 बजे शिकारपुरा मार्ग पर राजाराम ;30द्ध और आशा ;26द्ध को गोली मार दी। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव महात्मा गांधी अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।पुलिस ने मृतकों के परिजनों के हवाले से बताया कि राजाराम और आशा सांगानेर में रीको क्षेत्र में एक कारखाने में काम करते थे। दोपहर करीब 12.30 बजे आशा की फैक्ट्री में काम करने वाला मोनू उपाध्याय बातचीत के लिए उनके घर आया था।

इस दौरान घर पर आशा और राजाराम के साथ उसकी बहन भी मौजूद थी। राजाराम ने बहन को मोनू से जरूरी बात करने का कहकर बाहर जाने को कहा। बहन किसी परिचित से मिलने उनके घर चली गई। दोपहर करीब एक बजे छोटा भाई भोजनावकाश के लिएघर आया तो उसने भाई.भाभी खून से तर देखा तो उसने तुरंत पड़ोसियों को बुलाया। उनकी मदद से दोनों को महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। चिकित्सकों के अनुसार गोली दोनों की कनपटी में मारी गई। पूछताछ में पुलिस को मोनू के बातचीत करने घर आने का पता चला। फिलहाल मोनू फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# MEIL Foundation and SR Foundation Leads the Way in Promoting Spiritual and Societal Progress with Sri Jagannath Temple at Maha Kumbh 2025

MEIL Foundation and SR Foundation Unite for Spiritual and Societal Upliftment. Sri Jagannath Temple Sponsored at Maha Kumbh 2025.Empowering communities with compassion and vision – Mrs. Sudha Reddy, Chairperson of SR Foundation and a true beacon of philanthropyIn a landmark initiative to preserve India's spiritual heritage and promote community well-being, the MEIL Foundation and SR Foundation in collaboration have sponsored the construction of the Sri Jagannath Temple at Maha Kumbh 2025. Located at Sector 19, Gangoli, Shivala Marg, the temple stands as a symbol of faith, unity, and the shared vision of both organizations for a spiritually enriched and progressive society.



During the ongoing Maha Kumbh, the temple has become a focal point of devotion, drawing lakhs of devotees daily who gather to offer prayers and experience the divine blessings of Lord Jagannath.Sudha Reddy, Chairperson of the Sudha Reddy Foundation, expressing her thoughts on the initiative, said, "Sponsoring the construction of the Lord Shri Jagannath Ji Temple is a humble step towards preserving and promoting Sanatan Dharma while fostering community development. This initiative aligns with our Hon'ble Prime Minister Narendra Modi's vision of a 'Viksit Bharat,' where spiritual heritage complements societal progress."Highlighting the unparalleled importance of the Maha Kumbh, Mrs. Reddy further remarked, "The Maha Kumbh is an extraordinary event that allows individuals to explore, experience, and absorb divine energy and ancient wisdom. It is essential that this profound legacy be preserved for future generations. Beyond its spiritual significance, Maha Kumbh encapsulates a wealth of scientific knowledge, reinforcing the pride we feel in our rich culture, heritage, and the deep sciences underpinning it."

Expressing her gratitude, Mrs. Reddy added, "I extend my heartfelt thanks to our visionary Prime Minister, Shri Narendra Modi ji, for showcasing the beauty and essence of our nation to the world. My gratitude also goes to the Uttar Pradesh government for their meticulous planning, infrastructure, and facilities, which ensure the comfort and safety of millions of pilgrims attending this grand event."The Sri Jagannath Temple serves as a beacon of spiritual and societal harmony, embodying the unity and commitment of MEIL Foundation and SR Foundation to uplift communities.

## रेप का प्रयास करने के दोषी युवक को 3 वर्ष का कठोर कारावास

श्रीगंगानगर। राजस्थान में श्रीगंगानगर के यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण ;पोक्सो अधिनियम मामलों की विशिष्ट अदालत ;संख्या दो ने एक किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोप में एक युवक को गुरुवार को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

विशिष्ट न्यायाधीश सुरेंद्र खरे ने बसंत सिंह को किशोरी से दुष्कर्म करने का प्रयास करने का दोषी मानते हुए उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी किया जिसे अदा नहीं करने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले के अनुसार केसरी सिंह पुर थाना क्षेत्र में चार जुलाई 2023 को बसंत सिंह ने एक किशोरी को खेत में अकेला पाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया।

# सबगुरु न्यूज के सभी सुधि पाठकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


हिन्दुस्तान पेट्रोलियम HP

## स्वास्तिक मोटर्स

एच.पी पेट्रोल पंप
आगरा गेट के पास जयपुर रोड अजमेर
मोबाइल . 9414004687

**डीलर पार्टनर राजेश अंबानी**

सन् 1958 से आज तक ग्राहकों का भरोसा
ईमानदारी हमारी पहचान

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम HP

## श्रीबालाजी फ्यूल्स

एच.पी. पेट्रोल पंप
बाघसुरी गांव मसूदा रोड नसीराबाद
मोबाइल - 9887907277, 9414534529

**डीलर - बबिता टांक**

सेवा का मौका देवें
आपका विश्वास ही हमारी पूंजी
1 नंबर पेट्रोल पंप, 1 नंबर फ्यूल




SHM
FOLLOW US
SHREE HARI MARBLE
SHRI HARI GRANI MARMO
A HOUSE OF QUALITY MARBLE, GRANITE & TILES

Ph.: 0141-2352789
Mob.: 9828060720
E-mail : advocatesunil32@yahoo.com
SUNIL KUMAR JAIN
Advocate
RAJASTHAN HIGH COURT
Resi.: P.No. 74, Nityanand Nagar-A Queen's Road Jaipur
Office : B-47, Shiv Hari Apartment S.S.B. Nagar, Opp. Metro Pillar-98, New Sanganer Road, Sodala, Jaipur
Chamber : Chamber No.32 'B' Block, Rajasthan High Court, Jaipur

Vijay Morya (Content Head)
Mob.: +91-9887907277
SABGURU NEWS हर खबर पर नज़र
CORPORATE OFFICE
Web : www.sabguru.com I www.sabgurunews.com
Email : vijay.morya@sabguru.com I info@sabguru.com
D-8, Ram Nagar, Vistar, Near Vivek Vihar Metro Station, Jaipur (Raj.) 302019

रामकिशन Ph. 0145-2425989
## श्री प्रिया मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर

चुंगी चौकी के पास
शास्त्री नगर, अजमेर (राज.)
सभी प्रकार की दवाईयाँ मिलती है
सम्पर्क सूत्र : नीलिमा मैरिज ब्यूरो, पंचशील, अजमेर 9829223245(M)
सम्पर्क सूत्र : श्री प्रिया एड एजेन्सी 9314392262(M)

नाथूलाल 98298 68473
बसंत कुमार 96029 23483
GSH
## गणपति स्टील हाऊस
स्टील रेलिंग, काँच की बालकॉनी, सिढ़ियों में काँच की रेलिंग
ग्रिल, वूडन पिलर में रेलिंग, किचन ट्रोली का कार्य किया जाता है।
स्टील पाईप के होलसेल विक्रेता
कँटड़ा रोड के सामने, महेश नगर के बाहर, अजमेर रोड
मदनगंज-किशनगढ़ 305801 (जिला-अजमेर) राज.
E-mail : nathulalmalakar@gmail.com

# वैशाली नगर में रसद विभाग ने जब्त किए 9 गैस सिलेण्डर

अजमेर। रसद विभाग द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के अवैध उपयोग की सूचना पर वैशाली नगर क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेण्डरों की धरपकड़ का अभियान चलाया गया।



शुक्रवार को जांच दल ने 9 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि अजमेरी यार टी स्टाल न्यू चौपाटी से 2 टी कॉर्नर टी स्टॉल गेटवेल हॉस्पीटल के पीछे, आलम टी स्टॉल वैशाली नगर है प्रभु साउथ इण्डियन फूड स्टॉल न्यू चौपाटी, टी हेवन न्यू चौपाटी, लव पीजा हट न्यू चौपाटी, मुस्कान टी स्टॉल वैशाली नगर एवं अजमेर जायका वैशाली नगर से एक.एक गैस सिलैण्डर जब्त किए इन फर्मो का यह कृत्य एलपीजी ऑर्डर.2000 का उल्लंघन है। साथ ही ये प्रकरण ईसी एक्ट 1955 की धारा 6 में जिला कलक्टर के न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी रेणुका चतुर्वेदी, प्रवर्तन निरीक्षक मुकेश कुमार बुगालिया एवं सोनल गर्ग शामिल रहे।

# श्री सर्वेश्वर मित्र मंडल अजमेर की कार्यकारिणी का गठन

अजमेर। श्री सर्वेश्वर मित्र मंडल अजमेर के अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल व महासचिव प्रवीण अग्रवाल ने संस्था की त्रिवार्षिक कार्यकारिणी ;2025-2027 का गठन कर उसकी घोषणा कर दी है। उल्लेखनीय है कि संस्था की कार्यकारिणी के 5 दिसंबर को संपन्न हुए चुनाव में 3 संरक्षक, अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया था। शेष पदों पर मनोनयन करते हुए कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। संस्था की नवगठित कार्यकारिणी में संरक्षक राजेंद्र प्रसाद मित्तल, जंवरीलाल बंसल व हनुमान दयाल बंसल। अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश चंद गुप्ता, उपाध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, महासचिव प्रवीण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष चंद्रनारायण अग्रवाल, सचिव केजे ज्ञानी व सुनील सक्सेना।

कार्यकारिणी सदस्य रमेशचंद अग्रवाल, कमल किशोर गर्ग, सूर्य कुमार मित्तल, विनय कुमार गुप्ता, अगम प्रसाद मित्तल व शिव शंकर अग्रवाल, ऑडिटर डॉ. कृष्ण गोपाल गोयल, विशेष आमन्त्रित सदस्य चांदकरण अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल व अशोक कुमार गुप्ता हैं।

## राजस्व मंडल में तीन नए सदस्य नियुक्त

अजमेर। राजस्थान में प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा संवर्ग के तीन अधिकारियों को राजस्थान राजस्व मंडल अजमेर का सदस्य नियुक्त किया है। दिनेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि राजस्थान भू.राजस्व मंडल के अध्यक्ष और सदस्यों की सिफारिश पर डॉ शिव प्रसाद सिंहए सुरेश चंद्र और गौरव बजाड़ को सदस्य नियुक्त किया गया है।

# केक काटकर मनाया अजमेर रेलवे स्टेशन का 125वां स्थापना दिवस

## स्टेशन महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक आयोजन





अजमेर। धार्मिक एवं पर्यटन नगरी अजमेर का रेलवे स्टेशन 125 साल का हो गया। शुक्रवार को स्टेशन का बर्थडे केक काटकर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया।अजमेर स्टेशन के गौरवमय इतिहास को उत्सव स्वरूप मनाने के लिए अजमेर स्टेशन पर शानदार आयोजन हुआ। इतना ही नहीं बल्कि अजमेर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया गया।स्कूली बच्चों ने शानदार गीत नृत्यों से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की। अजमेर स्टेशन भवन की समाकृति का केक भी इस अवसर पर काटा गया। आजादी के प्रतीक गुब्बारे उड़ाये गए तथा सुंदर रंगोली भी सजाई गई।

महोत्सव के दौरान अजमेर स्टेशन के प्राचीन फोटो व इतिहास की जानकारी सहित स्टेशन से जुड़े कई रोचक फोटो व तथ्य प्रदर्शित किए गए।कार्यक्रम के दौरान दर्शकों के लिए अजमेर स्टेशन से संबंधित सवालों की एक क्विज़ का भी आयोजन किया गया। क्विज के विजेताओं को मौके पर ही पुरस्कार प्रदान किए गए।मुख्य अतिथि के रूप में अजमेर ;दक्षिण विधायक अनीता भदेल व मण्डल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा स्वतंत्रता सेनानी शोभाराम गेहरवाल मुख्य परियोजना प्रबंधक ;गतिशक्ति अनूप शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक बीसीएस चौधरी, मण्डल वाणिज्य प्रबंधक मोनिका यादव स्टेशन मैनेजर अवधेश कुमार, स्टेशन पर कार्यरत स्टाफ स्कूल छात्र छात्राएं, बच्चे, कुली, रेल यात्री व आमजन मौजूद रहे। मंच का संचालन रश्मि और संजय काकड़ा ने किया।

### स्टेशन महोत्सव में इनको किया गया सम्मानित

स्टेशन महोत्सव में सेवानिवृत्त व वर्तमान रेल कर्मचारियों तथा अधिकारियों सुनील मोहन जौहरी एमएल फुलवारी अरुण गुप्ता, सारिका जैन, आरके सोनी,नवाब जोसेफ अंकिता सूद राजेश रॉबिंसन जयसिंह मनमोहन राठौड़, रवि पनियार राजेंद्र चौधरी, एम अंसारी, पदम कुमार, अजय जैन, निरंजन वर्मा और संजय काकड़ा को सम्मानित किया गया।

### अजमेर स्टेशन का 125 वर्षों का गौरवशाली सफर

मण्डल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा ने बताया कि आधुनिकता व विकास के इस दौर में विरासत को संजोए रखते हुए अजमेर स्टेशन पर लगातार यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। अजमेर मंडल उत्तर पश्चिम रेलवे का महत्वपूर्ण मंडल है जिसमें अजमेर स्टेशन सबसे प्रमुख स्टेशन है।

गौरवशाली अतीत और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वाली राजपूताना.मालवा रेलवे का निर्माण सन 1870 में शुरू किया गया था। दिल्ली.रेवाड़ी लाइन का निर्माण सन 1872 में और रेवाडी-अजमेर ;मदार-अजमेर का निर्माण सन 1875 में और अजमेर.अहमदाबाद लाइन का निर्माण 1881 में हुआ। वर्तमान स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण वर्ष 1900 में किया गया था। अजमेर मंडल सन 1956 में मुख्य रूप से मीटर गेज प्रणाली पर अस्तित्व में आया। मदार से अजमेर तक मीटर गेज का ब्रॉड गेज में रूपांतरण सन 1995 में पूरा हुआ। यात्री सेवा के 125 गौरवशाली वर्षों मे अजमेर स्टेशन मीटर गेज के भाप के इंजन से लेकर ब्रॉड गेज की वंदेभारत एक्सप्रेस के इलेक्ट्रिक इंजन तक के दौर का गवाह रहा है।

समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID

sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

# ब्रेन डेड व्यक्ति के हृदय और यकृत दो मनुष्यों के लिए नया जीवन दे गए

भोपाल। मध्यप्रदेश के जबलपुर मेडिकल कॉलेज में एक व्यक्ति को ब्रेन डेड घोषित किए जाने के बाद उनका हृदय और यकृत लिवर दो बीमार मनुष्यों के शरीर में प्रत्यारोपित किए गए हैं।




आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जबलपुर मेडिकल कॉलेज में बुधवार की शाम सागर जिला निवासी एक व्यक्ति के ब्रेन डेड होने की सूचना प्राप्त हुई। इसके बाद तत्काल ही राज्य प्रशासन सक्रिय हुआ और भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ;एम्स के चिकित्सकों की टीम रात को ही ब्रेन डेड व्यक्ति के अंग बचाए रखने के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज पहुंची।गुरुवार सुबह पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा के जरिए चिकित्सकों की दूसरी टीम भी जबलपुर पहुंची और देह दानदाता के हृदय ;हार्ट और यकृत ;लिवर को निकाला गया। इसके बाद ग्रीन कॉरिडोर का उपयोग करते हुए हृदय को एम्स भोपाल और यकृत को इंदौर के चोइथराम अस्पताल भेजा गया।

सूत्रों ने कहा कि दान किए गए अंगों के परिवहन के लिए पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा के वायुयान और हेलीकॉप्टर दोनों साधनों का उपयोग किया गया। हृदय को जबलपुर से भोपाल पीएमश्री एयर एम्बुलेंस से परिवहन किया गयाए वहीं यकृत के लिए सर्वप्रथम मेडिकल कॉलेज जबलपुर से भोपाल एयरपोर्ट तक हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस का उपयोग किया गया। इसके उपरांत यकृत को भोपाल से इंदौर पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा के वायुयान के माध्यम से भेजा गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर जिले के बलिराम कुशवाहा ;61 के परिजनों द्वारा दिवंगत के अंगदान के निर्णय की सराहना करते हुए उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ यादव ने इसे महादान निरुपित करते हुए कहा कि हृदय का प्रत्यारोपण ;ट्रांसप्लांट पूरा हो चुका है और यकृत प्रत्यारोपण ;लिवर ट्रांसप्लांटद्ध की प्रक्रिया भी पूरी होने को है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दो जिंदगियां बचाकर महाप्रयाण पर निकले बलिराम कुशवाह को वे श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने इस साहसिक निर्णय के लिए उनके परिजनों का हृदय से आभार माना। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में पहली बार हार्ट ट्रांसप्लांट होने और जबलपुर, भोपाल तथा इंदौर में ग्रीन कॉरिडोर के लिए समर्पित भाव से कर्तव्य निर्वहन के लिए चिकित्सकों पुलिस और प्रशासन को भी साधुवाद दिया है।

## बहरोड में मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत



अलवर। राजस्थान में कोटपुतली बहरोड जिले में बहरोड़ के सदर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक मिनी ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों की मौत हो गई

सहायक पुलिस उप निरीक्षक ;एएसआई बुधाराम ने बताया कि खोहरी गांव के मोहित यादव ;22 और नितिन यादव ;25 मोटर साइकिल से बहरोड से अपने गांव लौट रहे थे। मध्याह्न करीब सवा बारह बजे हमीदपुर बोर्ड के पास मोटर साइकिल मिनी ट्रक से टकरा गई। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गड्ढे में जा गिरा। मिनी ट्रक का चालक घटना के बाद फरार हो गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)